# D.A.V. PUBLIC SCHOOLS, BHUBANESWAR

## SUMMATIVE ASSESSMENT — I (2016-17)

## CLASS — VI

## SUBJECT — LOWER HINDI

**Time -2 ½ hours** **F.M-90**

सामान्य निर्देश :-

- इस प्रश्न पत्र में दो खंड़ - क,ख, ।
- कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न पत्र में 16 प्रश्न हैं।
- प्रत्येक खंड का उत्तर क्रमशः दीजिए।
- प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले, प्रश्न का क्रम संख्या अवश्य लिखें ।

## खंड-क

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखें । 10

मुगल राज्य ने हमें ऐसी कई चीजें दी हैं जिनका जोड़ मिलाना मुश्किल है । जिनमें से एक है ताज़महल,आगरे में बनी वह खूबसूरत इमारत,जो लोगों का मन मोह लेती है । यह इमारत अकबर के पोते शाहज़हाँ ने बनवाई थी । इसको बनवाने में उस समय तीन करोड़ रुपये लगे और यह तीस वर्षों में बनकर तैयार हुई । रंग-बिरंगे पत्थर एशिया के कोने-कोने से मंगाये गये । अच्छे से अच्छे कारीगरों को बुलाया गया । फिर अपनी देखरेख में शाहजहाँ ने यह इमारत तैयार करवाई । उसकी प्यारी पत्नी का नाम था- मुमताज़ महल । उसी की यादगारी में यह इमारत बनवाई गई । एक रात मुमताज़ ने एक भयानक सपना देखा । वह व्याकुल हो उठी और शाहजहाँ से बोली,मेरा अंत निकट है । आप मेरी दो इच्छाएँ पूरी करें । पहली,आप दूसरा विवाह न करें । दूसरी,मेरी कब्र पर ऐसी इमारत बनाएँ जो मेरे नाम को अमर कर दें! शाहजहाँ ने दोनों शर्तों को पूरा किया किन्तु जिन बच्चों की ममता के कारण मुमताज ने पति से ऐसी प्रतिज्ञा कराई,उन बच्चों ने शाहजहाँ को कष्ट ही कष्ट दिए जिनमें औरंगजेब को सब जानते हैं । वह सबसे बड़ा द्रोही निकला । उसने अपने दोनों भाइयों को मौत के घाट उतार दिया एवं अपने पिता को कैद में डाल दिया । कैदखाने में रहकर शाहज़हाँ ने औरंगज़ेब से यही प्रार्थना की कि मेरे कैदखाने में एक छेद करवा दो ,जहाँ से मैं ताज़महल को देख सकूँ।

क. गद्यांश में दिए गए इमारत को बनवानें में कितना समय एवं कितना धन लगा था ?

ख. किस मुगल सम्राट के पोते ने अपनी पत्नी की स्मृति में इस इमारत को बनवाया ?

ग. शाहजहाँ की पत्नी का नाम क्या था ?

घ. गद्यांश में किसके सपने के बारे में उल्लेख किया गया है ?

ङ. मुमताज की पहली शर्त क्या थी ?

च. औरंगजेब किसका पुत्र था।?

छ. अपने भाइयों को मौत के घाट किसने उतारा ?

ज. औरंगज़ेब ने अपने पिता को कहाँ डाल दिया ?

झ. शाहज़हाँ ने अपने पुत्र से क्या प्रार्थना की ?

ञ. गद्यांश मे.किस इमारत की बात की गई है ?

2. किसी एक विषय पर पत्र लिखें । 5

बुखार के कारण तीन दिन की छुट्टी के लिए अपने विद्यालय के प्रधानचार्य के पास एक आवेदन पत्र लिखें।

अथवा

खेल का महत्व बताते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखें।

3. किसी एक विषय पर एक अनुच्छेद लिखें । 5

तिरंगा झंडा

पेड़ पौधे और हम

प्रिय मित्र

4.निम्नलिखित शब्दों के वचन विकल्पों में से छाँट कर लिखें । 4

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क. पूरी | i.पूरें | ii.पुरीयां | iii.पूरियाँ | iv. परियाँ |
| ख. रज़ाई- | i.रज़ाएँ | ii.रजाँईयाँ | iii.रज़ाइयाँ | iv. रजों |
| ग. डाली- | i.डालें | ii.डालों | iii. डालियाँ | iv. डलिया |
| घ.घोंसला - | i.घोंसले | ii.घोंसलों | iii.घोंसलो | iv.घोंसलैं |

5. निम्न शब्दों के लिंग विकल्पों में से छाँट कर लिखें । 4

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क. मुर्गा- | i.मुर्गी | ii.मुर्ग | iii.मुर्गे | iv.मुर्ग़ियाँ |
| ख. मोर- | i.मयुर | ii.मोरनी | iii.मोरन | iv.मोरी |
| ग. पंडित- | i. पंडिता | ii.पंडिताइन | iii.पंडितानी | iv.पंडा |
| घ. लेखक- | i.लिखिका | ii.लेखकी | iii.लेखिका | iv. लेखका |

6. निम्न शब्दों के विलोम रूप विकल्पों में से छाँट कर लिखें । 4

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क.धूप - | i. धूल | ii.वर्षा | iii.अंधेरा | iv.छाँव |
| ख. नया- | i.नवीन | ii.पुराना | iii.प्राचीर | iv.नुतन |
| ग. कमज़ोर- | i.बहुतज़ोर | ii.ताकत | iii.ताकतवर | iv.बलहीन |
| घ. बेचना- | i.बिकाऊ | ii.खरीदना | iii.खरीदवाना | iv.देना |

7. निम्न विकल्पों में से चंद्रबिंदु के सही प्रयोग वाले शब्दों को छाँट कर लिखें । 3

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क. | i.जाएगेँ | ii.जाएँगे | iii.जाँएगे | iv.जाँएँगे |
| ख. | i.हसँते | ii.हँसँते | iii.हँसते | iv.हंशँते |
| ग. | i.करूँगी | ii.कँरूगा | iii.कँरूँगी | iv.कंरूँगी |

8. निम्न शब्दों के समानार्थी शब्द विकल्पों में से छाँट कर लिखें । 4

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क.सहसा- | i.लेकिन | ii.किंतु | iii.अचानक | iv.भयंकर |
| ख.जंगल- | i.अंबर | ii.सिंधु | iii.सलिल | iv.वन |
| ग.मेहनत- | i.कठोर | ii.परिश्रम | iii.मुश्किल | iv.आलस |
| घ. निज - | i.पराया | ii. अपना | iii.सपना | iv. काम |

9. निम्न मुहावरों के अर्थ विकल्पों में से छाँट कर लिखें । 3

क.आग बबूला होना- i.खुश होना ii.रोना

iii.आग निकालना iv.बहुत गुस्सा होना

ख.नाक में दम करना- i.नाक में परेशानी होना ii.दुश्मनी निभाना

iii.परेशान करना iv.हाथ मिलाना

ग.मंद-मंद मुस्कुराना - i.बहुत खुश होना ii.मित्र बनाना

iii.मन ही मन मुस्कुराना iv.मन ही मन चिढ़ना

10.विकल्पों में दिए गए कारक चिन्हों से खाली स्थान भरें । 3

1.उसे दादाजी ————————-चिंता हो रही थी। (के,की,ने,में)

2.सोनाली————-ठंड लग रही थी। (पर,को,से,ने)

3.वह छत———— गिर पड़ा। (के लिये,की,से,ने)

## खंड-ख

11.किसी एक कविता की पहली दस पंक्तियाँ लिखें । 10

चतुर कौवा

अथवा

अगर पेड़ भी चलते होते

12. वाक्य पूरे करो । 4

क.एक हाथी और एक ——————————— में झगड़ा हो गया।

ख.————उसके लिए हलुआ पूरी बना रही थी।

ग.———— वन में एक शेर रहता था।

घ.————-के छिलके भी काम में आ सकते हैं ।

13. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखें । 5

सोनाली रामपुर गाँव में रहती थी।गाँव के बीच से एक नदी बहती थी।पूरा गाँव रोज़ तीन आवाजों से जागता था।पहली,नदी की कल-कल की आवाज़ ।दूसरी ,नदी पार बजते ढोल की आवाज़ ।तीसरी मस्जिद की मीनार से गूँजती अज़ान की आवाज़।अज़ान की आवाज़ सोनाली के दादाजी की थी।सोनाली के दादाजी वहीं रहते थे।एक दिन सुबह अज़ान की आवाज़ नहीं आई।गाँव में सब हैरान थे।सोनाली भी परेशान हो गई। आज क्या हो गया? अज़ान की आवाज़ नहीं आई।कहीं दादाजी बीमार तो नहीं हो गए? सोनाली को दादाजी की चिंता होने लगी।

क.सोनाली के गाँव का नाम क्या था?

ख.ढोल की आवाज़ कहाँ से आती थी?

ग .गाँव में सब हैरान क्यों हो गए?

घ.सोनाली ने दादाजी के बारे में क्या अनुमान लगाया?

ङ.अज़ान की आवाज़ किसकी थी ?

14. किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखें । 10

क .कौवे ने पानी को ऊपर लाने के लिए क्या किया?

ख.चिड़िया ने घोंसला बनाने के लिए क्या किया?

ग.पिताजी दीपक के लिए क्या लाये थे?

घ.मक्खी में घमंड़ क्यों आ गया ?

ङ.दादाजी किसे देख कर खुश हो गए ?

च.लालू ने दीपक को क्यों जगाया ?

छ.एक रोज़ मस्जिद से अज़ान की आवाज.क्यों नही आई ?

15.किन्हीं तीन प्रश्नों का विस्तृत उत्तर लिखें । 12

क.कौवे को सफलता कैसे मिली ?

ख.हाथी की ताकत को देखकर आदमी ने क्या किया ?

ग.पूलिस ने दीपक की पीठ क्यों थपथपाई ?

घ.पहला वाला लड़का नाराज़ क्यों हो गया ?

16. किन्हीं दो मूल्यपरक प्रश्नों के उत्तर लिखें । 4

क.क्या आप पशु-पक्षियों के हाव-भाव समझ सकते हैं ?कैसे ?

ख.धरती को हरा-भरा रखने के लिए हमें क्या करना चाहिए ?

ग.जब आपके दादा -दादी या नाना-नानी का स्वास्थ्य ठीक नहीं होता तो आप किस प्रकार उनकी देखभाल या मदद करते हैं ?